# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ
CIN : U32201UP1999SGC024928

सं०-I/17351/2025-ज०श० प्र०सु० एवं प्रशि०-01/CN-56109  दिनांक 14 .07.2025

1 प्रबन्ध निदेशक
पूर्वांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल वि०वि०नि०लि०,कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लि० (केस्को), वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ/कानपुर

2 निदेशक(का०प्र० एवं प्रशा०/वित्त/वितरण/वाणिज्य /कारपोरेट प्लानिंग/आई०टी०)
उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०,
शक्ति भवन, लखनऊ।

3 निदेशक (का०प्र० एवं प्रशा०),
उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि०,
शक्ति भवन,
लखनऊ।

विषय:-बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण में सृजित अभियन्त्रण सेवा के पदों पर विद्युत विभाग में कार्यरत अभियन्ताओं को प्रतिनियुक्ति पर BIDA में तैनात किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (BIDA), झांसी के पत्र संख्या-108/बीडा/ कार्मिक/ट्रा०ज्वा०/2025-26 दिनांक 01-07-2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्राधिकरण में विद्युत संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास यथा ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन एवं प्रक्योरमेंट से संबंधित उ०प्र० पाकालि, सहयोगी वितरण निगमों एवं उ०प्र० पाट्राकालि में कार्यरत अधिशासी अभियन्ता स्तर के 1-1 अधिकारी एवं सहायक अभियन्ता स्तर के 2-2 अधिकारियों को प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर तैनात किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त के दृष्टिगत पत्र दिनांक 01-07-2025 की छायाप्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित करने का निदेश हुआ है कि इच्छुक अधिकारियों के नामांकन सम्बन्धित निदेशक (का०प्र एवं प्रशा०) की संस्तुति एवं उनकी प्रचलित/लम्बित अनुशासनिक कार्यवाही, सतर्कता जांच की अद्यतन स्थिति सहित निम्न प्रारूप में कारपोरेशन (मु०) को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें:-

| क्र० सं० | नाम (अभि०सं०/ सैपआई०डी०) | पदनाम एवं वर्तमान तैनाती स्थल | ई०मेल आई०डी० | मो० नम्बर | अनुशासनिक कार्यवाही की अद्यतन स्थिति (हां/नहीं) यदि कोई कार्यवाही प्रचलन में है तो उसका विवरण। |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

संलग्नक:यथोपरि

भवदीय,

(अनुज सेठ)
उप सचिव (ज०श० प्र०सु० एवं प्रशि०)

प्रेषक,

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी
बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण
झांसी।

सेवा में,

अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश पावर कॉपरेशन लिमिटेड
लखनऊ उत्तर प्रदेश।

पत्रांक– 108 / बीडा / कार्मिक / ट्रा0ज्वा0 / 2025–26 दिनांक– 01 जुलाई 2025

विषय– नव–सृजित बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण में सृजित अभियंत्रण सेवा के पदो पर विद्युत विभाग में कार्यरत अभियंताओ को बीडा में तैनात किये जाने के सम्बन्ध में

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि नव–सृजित बीडा हेतु मास्टर प्लानिंग की कार्यवाही वर्तमान में गतिमान है तथा ड्राफ्ट मास्टर प्लान शासन स्तर से अधिसूचित कराये जाने हेतु औद्योगिक विकास विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। इसी क्रम में पत्र संख्या– 206 / बीडा / नियोजन / एक्टिवेशन एरिया / 2024–25 दिनांक– 13 जनवरी 2025 के माध्यम से इन्फाट्रक्चर सम्बन्धित कार्यो हेतु 1506 करोड़ बजट का प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित किया जा चुका है। उक्त इन्फाट्रक्चर से सम्बन्धित कार्या में विद्युत इन्फाट्रक्चर सम्बन्धी के कार्य भी सम्मिलित है। इस सम्बन्ध में बीडा हेतु बनाये गये पावर मास्टर प्लान के सम्बन्ध में दिनांक 30.06.2025 को अध्यक्ष उ0प्र0 पावर कॉपरेशन लि0 की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गयी थी उक्त बैठक में हुयी वार्ता के क्रम में बीडा में विद्युत एवं यांत्रिक सेवा हेतु औद्योगिक विकास अनुभाग–4 के शासनादेश संख्या –2 / 2024 / 180 / 77–4–2024 दिनांक 08 जनवरी 2024 में निम्नानुसार पदो का सृजन किया गया है।

| क्र0स0 | पदनाम | वेतनमान | संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबन्धक (विद्युत एवं यांत्रिक) | 37400–67000 ग्रेट पे 8700 | 01 | |
| 2 | उपमहाप्रबन्धक (विद्युत एवं यांत्रिक) | 15600–39100 ग्रेट पे 7600 | 03 | |
| 3 | वरिष्ठ प्रबन्धक (विद्युत एवं यांत्रिक) | 15600–39100 ग्रेट पे 6600 | 04 | |
| 4 | प्रबन्धक (विद्युत एवं यांत्रिक) | 15600–39100 ग्रेट पे 5400 | 11 | |
| 5 | सहायक प्रबन्धक (विद्युत एवं यांत्रिक) | 9300–34800 ग्रेट पे 4200 | 78 | |

उक्त के दृष्टिगत अनुरोध है कि प्राधिकरण में विद्युत संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास यथा ट्रांसमिशन ,डिस्ट्रीब्यूशन एवं प्रोक्योरमेंट से संबंधित अधिशासी अभियंता स्तर के 1-1 अधिकारी एवं सहायक अभियंता

Scanned with OKEN Scanner

के 2-2 अधिकारी तथा अवर अभियंता स्तर के 2, 2 अधिकारी प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर तैनात करने का कष्ट करे जिससे शासन की महत्वाकांक्षी ग्रीनफील्ड परियोजनाएं बीडा में विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्य ससमय पूर्ण कराये जा सके।

भवदीय

(प्रवीण वर्मा)

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण

झांसी।

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक समांक।

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास विभाग अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन।
2. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीडा।
3. समस्त विशेष कार्याधिकारी, बीडा।
4. वित्त नियंत्रक, बीडा।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण

झांसी।

Scanned with OKEN Scanner